(2) क्या श्री गणपत लाल से बरामद किए गए सोने की कुछ मात्रा का किसी व्यक्ति द्वारा दुर्विनियोजन किया गया है ।

(3) क्या राष्ट्रीय रक्षा कोष में दान के रूप में मात्रा देने के प्रस्ताव को स्वीकार किए जाने में कोई अनौचित्य निहित था ।

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को इन सभी तीनो आरोपो में कोई सार नही मिला । केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो की जाच रिपार्ट को सदन के पटल पर रखा जाना उचित नही होगा ।

**कैबरे नृत्य**

9963. **श्री केशवराव धोंडगे** : क्या गृह मत्री यह बताने की कृपा करेगे कि

(क) क्या देश के बडे शहरो में अभी भी कैबरे नृत्य का आयोजन किया जा रहा है,

(ख) क्या इन कैबरे नृत्यो के विरुद्ध लोगो से कोई शिकायत मिली है ,

(ग) कैबरे नृत्य के सबध में सरकार की क्या नीति है , और

(घ) क्या कैबरे नृत्यों की इजाजत देने से पहले सरकार कोई शर्त पूरी करने के लिये कहती है और यदि नही, तो इसके क्या कारण है ?

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री धनिक लाल मण्डल)** (क) से (घ) अपेक्षित सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी ।

(ग) सार्वजनिक स्थान पर किसी अश्लील नृत्य का आयोजन एक अपराध है जो भारतीय दड सहिता की धारा 294 के अन्तर्गत दण्डनीय है और राज्य सरकारे इस मामले में उचित कार्यवाही करने के लिए सक्षम हैं ।

**विभिन्न राज्यों के लोगों के जीवन पर तैयार किये गये वृत्त चित्र**

9964. **श्री धर्मसिंह भाई पटेल** : क्या सूचना और प्रसारण मत्री यह बताने की कृपा करेगे कि :

(क) क्या फिल्म डिवीजन ने गुजरात के विभिन्न भागो में लोगो के जीवन पर वृत्त चित्र तैयार किये है और यदि हा, तो वर्ष 1975–76, 1976–77 और 1977–78 में, वर्षवार, कुल कितने वृत्त चित्र तैयार किये गये और उनके नाम क्या हैं ,

(ख) वर्ष 1978–79 में तैयार किये जाने वाले वृत्त चित्रो की सख्या और ब्यौरा क्या है ,

(ग) क्या यह सच है कि अन्य राज्यो की तुलना में गुजरात पर तैयार किये गये वृत्त चित्रो की सख्या कम है, और

(घ) उन राज्यो के नाम क्या है जिन पर गत तीन वर्षों में अधिकतम वृत्त चित्र तैयार किये गये और प्रत्येक वर्ष कितने वृत्त चित्र तैयार किये गये ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी)** (क) 1975–76 से 1977–78 तक की अवधि के दौरान फिल्म प्रभाग द्वारा गुजरात से सम्बधित निम्नलिखित 5 तीन वृत्त चित्र बनाए गए थे —

(1) गुजरात फाइटस दि ड्रॉट (सादा) 1975

(2) गुजरात एलक्शन्स (सादा) 1975

(3) आशा नी वेला (सादा) 1976 (ए टाइम आफ होप)

(ख) 1978-79 में "गुजरात की मृतप्राय लोक कलाएं—भावी" विषय पर एक वृतचित्र बनाने का प्रस्ताव है। इसको फिल्म प्रभाग के 1977-78 के फिल्म निर्माण कार्यक्रम में शामिल किया गया था।

(ग) वृतचित्र प्रत्येक राज्य पर प्रत्येक वर्ष नहीं बनाए जाते। अत: कुछ वर्षों में बनाये गए वृतचित्रों के आधार पर तुलना करना उपयुक्त नहीं होगा। 1954-76 के दौरान गुजरात के लोगों, संस्कृति, उद्योग, आदि पर 25 वृतचित्र बनाए गए है। बनाए गए वृतचित्रों की सूची सलग्न है।

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान विभिन्न राज्यों के विभिन्न पहलुओं पर बनाए गए वृतचित्रों के नाम नीचे दिए गए है :—

1. गोआ

(1) गोआ मार्चिज आन (1977) (रंगीन)

2. जम्मू और काश्मीर

(1) कम टू काश्मीर (रंगीन) (1976)

(2) जम्मू टुडे (सादा) (1976)

3. केरल

(1) अहम्ब्रह्मास्मि (रंगीन) (1977)

4. महाराष्ट्र

(1) दि इंडियन कोबरा (रंगीन) (1975)

(2) ए सिटी आन दि वाटर (रंगीन) (1975)

5. उड़ीसा

(1) हैंडीक्राफ्ट्स आफ उड़ीसा (रंगीन) (1976)

6. सिक्किम

(1) सिक्किम

(2) फ्राम सिक्किम विद लव (रंगीन) (1975)

7. त्रिपुरा

(1) त्रिपुरा (रंगीन) (1976)

विवरण

गुजरात के लोगों, संस्कृति, उद्योग आदि पर बनाए गए वृतचित्रों की सूची।

1. होम फार दि होमलैस (सादा) (1954)
2. फोक सांग्ज आफ गुजरात (भाग-1) (सादा) (1957)
3. फोक सांग्ज आफ गुजरात (भाग-2) (सादा) (1957)
4. शिपयार्डस टु सीवेज (सादा) (1957)
5. ए स्टोरी आफ को-आपरेशन (सादा) (1957)
6. आपरेशन काडला (सादा) (1959)
7. वेस्टर्न रीजन (सादा) (1959
8. ग्लिम्पसेस आफ इंडिया (भाग-4 (1968)
9. दि डांसिंग फीट (रंगीन) (1962)
10. गिर गेम सेंक्चरी (रंगीन) (1962)
11. फोक डांसिज आफ सौराष्ट्र रंगीन (1963)
12. हिल टेंपल्स आफ गुजरात (सादा) (1964)
13. नर्मदा (सादा) (1964)
14. रासलीला (रंगीन) (1965)
15. दि ब्लेक गोल्ड (सादा) (1965)

16. साहस के कदम (सादा) (1968)
17. दे श्राल से (सादा) (1968)
18. रन श्राफ कच्छ (1968)
19. हैंडीक्राफ्टस श्राफ गुजरात (रंगीन) (1968)
20. सरदार पटेल (सादा) (1970)
21. जारी (रंगीन) (1971)
22. पैटोलास श्राफ पाटन (रंगीन) (1974)
23. गुजरात फाइट्स दि ड्रीट (सादा) (1975)
24. गुजरात एलेक्शन्स (सादा) (1975)
25. श्राशा नी बेला (सादा) (1976) (ए टाइम श्राफ होप)

## Development of Backward Districts in Gujarat

9965. SHRI DHARAMSINHBHAI PATEL: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) the number and names of the districts in Gujarat declared industrially backward till 31-3-1978;

(b) the criteria adopted for declaring districts industrially backward;

(c) whether any other districts are proposed to be declared industrially backward in Gujarat during the period from 1978-79 to 1983-84 and if so, the names of these districts and when these will be declared industrially backward; and

(d) whether a demand has now been received from Gujarat Government for declaring some more districts industrially backward and if so, when the names of the districts in respect of which the demand has been made and the action taken or proposed to be taken thereon and when and how?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRIMATI ABHA MAITI): (a) 10 districts of Gujarat State *viz.*, Amreli, Banaskantha, Bhavnagar, Broach, Junagadh, Kutch, Mehsana, Panchmahals, Sabarkantha and Surendernagar have been selected as industrially backward to qualify for concessional finance facilities. Out of these, 3 districts *viz.*, Panchmahals, Broach and Surendernagar have been selected to qualify also for the Central Scheme of Investment Subsidy.

(b) On the basis of the set of criteria recommended by the Planning Commission to States/Union Territories for adoption as 'guidelines' for the purpose of identification of industrially backward districts to qualify for concessional finance facilities, the Gujarat Government adopted the following criteria for the purpose:—

(i) gross value of agricultural output per acre of the net area sown;

(ii) agricultural workers (including agricultural labourers) as a percentage to total population;

(iii) per capita gross value of industrial output by large factories;

(iv) number of factory employees per lakh of population;

(v) workers engaged in secondary activities per lakh of population;

(vi) length of metalled roads and railways per '00 sq. miles; and

(vii) population of towns and villages electrified as percentage to total population

(c) and (d). No proposal from the Government of Gujarat for selection of additional districts of the State as industrially backward for the next Plan 1978—83 has been received from the State Government.